हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 11 अगस्त 2026

06 लापरवाहीः लगातार बारिश होने से ढहा कन्या ...



07 प्रशासन ने हटाई बिना अनुमति लगी रानी अवंती बाई की मूर्ति



राघौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

समाचार संक्षेप

60 लीटर कच्ची शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार, बाइक जब्त

गुना। अवैध एवं अनैतिक गतिविधियों में संलिप्त माफियाओं, कारोबारियों, तस्करों आदि के विरूद्ध सतत एवं प्रभावी कार्यवाहियां की जा रहीं हैं । इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह सुमन के मार्गदर्शन एवं प्रभारी सीएसपी गुना आनंद राय के पर्यवेक्षण में केंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव और उनकी टीम द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए मोटर सायकिल पर अवैध कच्ची शराब लेकर उसे बेचने की फिराक में एक पारदी बदमाश गिरफ्तार किया है । उल्लेखनीय है कि दिनांक 08 अगस्त 2026 को केंट थाना पुलिस को अवैध शराब बिक्रय की सूचना के मिलते ही मुखबिर के बताए हुलिए की मोटर सायकिल के साथ एक व्यक्ति खड़ा दिखा, पुलिस ने सतर्कता दिखाते हुए उसे भागने का मौका न देते हुए घेराबंदी कर पकड़ लिया गया ।

होटल में खाने के दौरान विवाद बदमाशों ने की मारपीट और पथराव

गुना। जिले के विजयपुर थानांतर्गत साड़ा कॉलोनी स्थित मीना कॉम्प्लेक्स के एक होटल में खाना खाने के दौरान विवाद के बाद मारपीट और गाड़ी में तोडफ़ोड़ की घटना सामने आई है। फरियादी बलवीर सिंह राजपूत निवासी बरवटपुरा (राघौगढ़) ने थाने पहुंचकर नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादी बलवीर सिंह अपने साथी अशोक अहिरवार और ड्राइवर मोनू कुशवाह के साथ होटल में खाना खा रहे थे। तभी सामने की टेबल पर बैठे परिचित डिम्पल सोनी, सुनील बंजारा, मिथुन बंजारा और प्रमोद लोधा से लेनदेन की बात को लेकर बहस शुरू हो गई। नशे में धुत आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्कों से मारपीट कर दी। विवाद से बचकर जब फरियादी अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी एमपी 67-0267 से थाने की ओर जाने लगे, तब आरोपियों ने पत्थरों से हमला कर दिया, जिससे गाड़ी का पिछला कांच टूट गया पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

भैंस चोरी की पुरानी रंजिश पर गोंदलपुर में खूनी संघर्ष

गुना। जिले के धरनावदा थानांतर्गत ग्राम गोंदलपुर में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों ओर से जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर परस्पर क्रॉस मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रथम पक्ष के फरियादी हरिचरण पाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सुबह करीब 7 बजे पुरानी रंजिश को लेकर गांव के कैलाश पाल और उनके बेटे कमलेश पाल ने उनके साथ अश्लील गाली-गलौज की। विरोध करने पर कैलाश ने हमला कर दिया, जिससे उनके कंधे में चोट आई। वहीं दूसरे पक्ष के फरियादी कैलाश पाल का आरोप है कि जब वे खेत से लौट रहे थे, तभी हरिचरण पाल और राजेश पाल ने एक वर्ष पूर्व भैंस चोरी की बात को लेकर विवाद शुरू कर दिया। धरनावदा पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला कायम कर जांच में लिया है।

जन्मदिन की पार्टी में ताबड़तोड़ हर्ष फायर का वीडियो वायरल

गुना। जिले के आरोन थानांतर्गत इंस्टाग्राम पर हथियारों के प्रदर्शन और हर्ष फायरिंग का वीडियो अपलोड करना एक युवक को भारी पड़ गया। आरोन थाने में पदस्थ उप निरीक्षक को सोशल मीडिया के माध्यम से रॉव आकाश यादव भोपाका 307 नामक इंस्टाग्राम आईडी से शेयर किया गया एक वीडियो प्राप्त हुआ। जांच में सामने आया कि यह वीडियो 7 अगस्त 2026 की रात अंबिका मैरिज गार्डन आरोन में आयोजित शैलेंद्र यादव निवासी रिजौदा के जन्मदिन समारोह का है। वीडियो में चार अज्ञात व्यक्ति भीड़ के बीच खड़े होकर बंदूकों से लापरवाही पूर्वक हर्ष फायर करते नजर आ रहे हैं, जिससे आम जनता में दहशत का माहौल बन गया। इस हरकत पर आरोन थाना पुलिस ने चारों अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सावन के दूसरे सोमवार को शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

रिमझिम बारिश में निकाली शिव की पालकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



सावन महीने के दूसरे सोमवार को पूरे जिले में धार्मिक उत्साह और भक्ति का माहौल देखने को मिला। अलसुबह से ही जारी रुक-रुक कर बारिश की फुहारों के बीच शहर से लेकर अंचल भर के शिव मंदिरों में हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारे गूंजते रहे। मौसम की बंदिशों और रिमझिम बारिश की परवाह किए बिना श्रद्धालुओं की भारी भीड़ सुबह से ही पूजा-अर्चना के लिए मंदिरों में उमड़ पड़ी। जिले भर में विभिन्न स्थानों पर भव्य कांवड़ यात्राएं निकाली गईं, वहीं अनेक स्थानों पर सार्वजनिक व व्यक्तिगत धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए।इधर शिवाजी नगर से भव्य पालकी यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से निकली। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुई।

श्रावण मास में भगवान शिव की पूजा का विशेष फल माना जाता है, इसी मान्यता के तहत सुबह से ही शहर के जयस्तंभ चौराहा स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर, पुराने आरटीओ परिसर स्थित पशुपतिनाथ महादेव मंदिर, जिला चिकित्सालय परिसर स्थित महादेव मंदिर, नयापुरा स्थित गोपाल मंदिर, पुरानी गल्ला मंडी शिवालय और हनुमान चौराहा मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक कर उन्हें प्रिय बेलपत्र, धतूरा, शमी, अकऊआ और पीले-सफेद पुष्प अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। इसी क्रम में शहर के समीप स्थित प्रसिद्ध गादेर गुफा मंदिर और मालपुर गुफा मंदिर पर भी बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन किया।

दोपहर में परंपरा अनुसार जयस्तंभ चौराहा स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर से भगवान नीलकंठ की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई। नगर भ्रमण पर निकली इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी इस पालकी यात्रा का समापन मंदिर परिसर में महाआरती और महाप्रसाद वितरण के साथ हुआ। वहीं पशुपतिनाथ महादेव मंदिर में शाम को भगवान शिव का आकर्षक विशेष श्रृंगार किया गया, जिसके दर्शन के लिए देर शाम तक दर्शनार्थियों का जमावड़ा लगा रहा। इसके साथ ही जाटपुरा रोड स्थित श्री जागेश्वर महादेव मंदिर में सात दिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं पूजन महोत्सव का शुभारंभ हुआ।

मंदिर के पुजारी चंद्रप्रकाश महाराज के मार्गदर्शन में सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक बड़ी संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालुओं ने उमंग के साथ पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण किया। इसके पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक और विशेष पूजन संपन्न कराया गया। ट्रस्ट के पदाधिकारियों, सदस्यों और श्रद्धालुओं की मौजूदगी में निर्मित पार्थिव शिवलिंगों का शाम को सिंघवासा तालाब में विसर्जन किया गया। यह धार्मिक आयोजन आगामी एक सप्ताह तक निरंतर संचालित रहेगा।

तिरंगा बाइक रैली निकालकर अध्यापक सौंपेंगे ज्ञापन

गुना। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा की बैठक बैठक में प्रांतीय संगठन के आह्वान पर आगामी आंदोलन की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मोर्चा ने 12 अगस्त को तिरंगा बाइक रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया है। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के दामोदर धाकड़ ने बताया कि 12 अगस्त बुधवार को शाम 5 बजे तिरंगा बाइक रैली शास्त्री पार्क से प्रारंभ होगी। रैली मानस भवन, एबी रोड, जयस्तंभ चौराहा और हनुमान चौराहा होते हुए न्यू कलेक्ट्रेट पहुंचेगी। रैली के समापन पर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा जाएगा। ज्ञापन के माध्यम से प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना कर ग्रेच्युटी, अवकाश सहित सभी सेवा लाभ प्रदान करने और व्यवस्था बहाल करने की मांग की जाएगी।

एनजीओ और फॉरेन फंडिंग के नाम पर 66 लाख रुपए की ठगी

कर्मचारियों के दस्तावेज लेकर खोला फर्जी नेटवर्क



हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़/गुना

जिले के राघौगढ़ थाना क्षेत्र में एनजीओ खोलने और फॉरेन फंडिंग का झांसा देकर एक व्यक्ति से लगभग 66 लाख रुपये की बड़ी ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले की गहन जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धारा 420 भादवि (धोखाधड़ी) के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

किरायेदार ने बुना ठगी का जाल

राघौगढ़ पुलिस के अनुसार फरियादी राणा प्रताप सिंह निवासी साड़ा कॉलोनी राघौगढ़ और अन्य गवाहों के बयान दर्ज किए गए हैं।

जांच में सामने आया कि आरोपी प्रमोद सिंह पुत्र जनार्दन सिंह, मूल निवासी ग्राम करजरा अंचल वजीरगंज जिला गया हाल निवासी ग्राम बजारी कला मिर्जापुर, उत्तर प्रदेश वर्ष 2022 में राणा प्रताप के मकान में किराये से रहता था। आरोपी प्रमोद सिंह ने राणा प्रताप से कहा कि एससी/एसटी वर्ग के 8 लोगों को मिलाकर एक एनजीओ खोलना है। इसके लिए उसने राणा प्रताप के होटल में काम करने वाले लक्ष्मण बंजारा, फूल सिंह बंजारा, मांगी बाई जाटव, धापू बाई जाटव, दिनेश स्वीपर, दीपक प्रजापति और मुकेश बंजारा के दस्तावेज (पहचान संबंधी दस्तावेज), पैन कार्ड बनवाए, एक्सिस बैंक में खाते खुलवाए और उनके नाम से सिम, चेकबुक व एटीएम हासिल कर लिए। आरोपी ने कर्मचारियों को 5,000 रुपये महीना और सालाना 50,000 रुपये दिलाने का लालच दिया था।

45 लाख खाते में और 21 लाख रुपए नकद हड़पे

एनजीओ चलाने और फॉरेन फंडिंग दिलाने का झांसा देकर आरोपी ने 13 अप्रैल 22 से 1 जुलाई 24 के बीच राणा प्रताप और उनकी पत्नी कुसुम सिंह से कर्मचारियों के खातों में कुल 45,37,117 रुपये ट्रांसफर करवाए, जिन्हें आरोपी ने खुद निकाल लिया। इसके अलावा एनजीओ के नाम पर उनसे लगभग 21 लाख रुपये नगद भी हड़प लिए। आरोपी ने गुजरात कॉर्पोरेशन से लोन और फॉरेन फंडिंग दिलाने का आश्वासन देकर लाखों रुपये के स्टाम्प भी बनवाए, जिसका भुगतान फरियादी ने किया था।

दिए थे 10-10 लाख के 20 फर्जी चेक

विश्वास जीतने के लिए आरोपी प्रमोद सिंह ने फरियादी राणा प्रताप और उनकी पत्नी के नाम यस बैंक के 10-10 लाख रुपये मूल्य के कुल 20 चेक दिए थे और कहा था कि फरवरी 2024 में खाते से पैसे निकाल लेना। लेकिन सभी खातों का संचालन आरोपी खुद कर रहा था और उसने कुल 66 लाख रुपये की धोखाधड़ी को अंजाम दिया। बैंकों से प्राप्त स्टेटमेंट और साक्ष्यों के आधार पर राघौगढ़ पुलिस ने आरोपी प्रमोद सिंह के विरुद्ध मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

इनका कहना है...

जिले के राघौगढ़ थाने में एक एफआईआर दर्ज की गई है, जिसमें साडा कॉलोनी निवासी फरियादी राणा प्रताप सिंह के साथ उनके किरायेदार द्वारा 66 लाख रुपए का फ्रॉड किया गया है। मामले में धारा 420 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

-प्रशांत सिंह सुमन, एएसपी गुना

गुना कोर्ट के कर्मचारी की रेलवे ट्रैक पर मिली लाश

परिजनों ने जताई हत्या की आशंका



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर के कैंट थानांतर्गत नजूल रेलवे पटरियों पर गुना कोर्ट में पदस्थ कर्मचारी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान अरविंद कुमार पांडे (48) निवासी पटेल नगर कैंट मूल निवासी मुरैना के रूप में हुई है, जो कोर्ट में भृत्य के पद पर शासकीय सेवा में कार्यरत थे। सोमवार को जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना के संबंध में मृतक के चाचा लल्लन पांडे ने बताया कि परिजनों को ट्रेन दुर्घटना में मौत होने की सूचना मिली थी, जिस पर वे कैंट थाने पहुंचे। परिजनों ने मामले में हत्या की आशंका जाहिर की है। उनका कहना है कि मृतक के केवल सिर में गंभीर चोट के निशान हैं, जबकि शरीर के अन्य हिस्सों या कपड़ों पर ट्रेन हादसे जैसे कोई निशान नहीं हैं। यदि ट्रेन से हादसा होता तो शरीर के अन्य अंग क्षत-विक्षत होते और कपड़े फटे होते। परिजनों का मानना है कि किसी ने रंजिश के चलते अरविंद की हत्या कर शव को पटरियों पर फेंका है। वहीं मृतक की पत्नी ने भी बताया कि हाल ही में उनके पति का किसी से विवाद हुआ था।

फिलहाल कैंट थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर गहराई से जांच कर रही है।

शराब के नशे में मारुति शोरूम के पास पेड़ पर चढ़ा युवक, पुलिस ने सुरक्षित उतारा

गुना। शहर में मारुति शोरूम से सटे एक पेड़ पर शराब के नशे में धुत युवक के चढ़ जाने से अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया। शोरूम में कार्यरत कर्मचारियों की नजर जब पेड़ पर चढ़े युवक पर पड़ी, तो उन्होंने अनहोनी की आशंका के चलते तत्काल डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची डायल 112 की पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए समझाइश देकर युवक को सुरक्षित नीचे उतारा। नीचे उतरने के बाद भी युवक का हाईवोल्टेज ड्रामा जारी रहा और वह पुलिसकर्मियों से मोबाइल व नए कपड़े दिलाने की जिद करने लगा। पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

एडमिशन से वंचित छात्र हुए लामबंद, डीएसओ ने सौंपा ज्ञापन

गुना। पीजी कॉलेज सहित जिले के अन्य कॉलेजों में एडमिशन से वंचित छात्रों ने छात्र संगठन डीएसओ के बैनरतले पीजी कॉलेज प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के अनुसार पीजी कॉलेज जिले का एकमात्र बड़ा सरकारी कॉलेज है। जहां छात्र हर साल हजारों की संख्या में प्रवेश के लिए आते हैं। और अभी हाल ही में मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी मार्गदर्शिका में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए महाविद्यालयों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश हेतु पहले आओ पहले पाओ के आधार पर 10 अगस्त 2026 से 14 अगस्त 26 तक अतिरिक्त सीएलसी चरण शुरू किया गया है। जो छात्र प्रवेश से वंचित रह गए थे वह इस अतिरिक्त सीएलसी राउंड में प्रवेश लेना चाहते है लेकिन अभी कॉलेज के सभी प्रमुख विषयों की सीटें भर चुकी है। जिसमें पीजी कक्षाओं में हिंदी, हिस्ट्री,



राजनीति, जूलॉजी, बॉटनी विषय है, जो छात्र इन विषयों से पढ़ाई करना चाहते हैं,सीट न होने की वजह से पढ़ाई नहीं कर पाएंगे।

जन विश्वास कैंप में प्रत्येक स्तर पर समस्याओं का मौके पर करें निराकरण

बारिश में अलर्ट रहे मैदानी अमला, फील्ड में विजिट करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बारिश के मद्देनजर सभी विभाग पूरी तरह अलर्ट रहें और मैदानी स्तर पर सतत निगरानी रखें। आगामी जन विश्वास कैंप में प्रत्येक स्तर पर सेक्टर बनाए जाएं, जिसमें पुलिस एवं जिला प्रशासन से एक-एक कर्मचारी की तैनाती सुनिश्चित की जाए। कैंप में राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए राजस्व न्यायालय भी लगाए जाएं। साथ ही विभिन्न विभागों के चिन्हित प्रकरणों का मौके पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। जो प्रकरण मौके पर निराकृत किए जा सकते हैं, उनका तत्काल निराकरण करें तथा जिनका निराकरण संभव नहीं है, उसके कारणों की जानकारी आवेदक को दी जाए।

कलेक्टर ने कहा कि आगामी जन विश्वास कैंप को अधिक प्रभावी एवं परिणाममूलक बनाया जाए। प्रत्येक स्तर पर सेक्टर निर्धारित कर उनमें पुलिस एवं जिला प्रशासन के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए। कैंप में राजस्व से संबंधित प्रकरणों के निराकरण के लिए राजस्व न्यायालय भी आयोजित किए जाएं। जिला स्तर पर विभिन्न विभागों के चिन्हित प्रकरणों का समाधान कर उनका परीक्षण भी किया जाए, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आमजन की समस्याओं का प्रभावी निराकरण हो रहा है।



निरीक्षण नोटबुक नियमित रूप से प्रस्तुत करने के निर्देश

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र भ्रमण एवं निरीक्षण के दौरान की गई कार्यवाही का विधिवत संधारण किया जाए। राजस्व से संबंधित प्रकरणों की निरीक्षण नोटबुक अपर कलेक्टर को तथा अन्य विभागों की निरीक्षण नोटबुक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को प्रस्तुत की जाए। कलेक्टर ने जनसुनवाई के प्रकरणों के निराकरण में नवाचार करते हुए निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त सभी पात्र प्रकरणों को सीएम हेल्पलाइन में दर्ज कराया जाए, ताकि उनकी नियमित मॉनिटरिंग एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निराकरण की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान दिया जाए।

100 दिवस से अधिक पुराने प्रकरण लंबित न रहें

सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में 100 दिवस से अधिक पुराने प्रकरण लंबित नहीं रहने चाहिए। सभी अधिकारी समय-सीमा के भीतर प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जो प्रकरण निराकरण योग्य हैं, उनका तत्काल निराकरण किया जाए तथा जिन प्रकरणों का निराकरण संभव नहीं है, उनमें आवेदक को स्पष्ट रूप से कारण की जानकारी दी जाए।

मिलावटी खाद्य पदार्थों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई

करेंकलेक्टर ने मिलावटी खाद्य पदार्थों एवं मिलावटखोरी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खान-पान आवश्यक है, इसलिए खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं शुद्धता सुनिश्चित करना प्राथमिकता में रखा जाए।

पंचायत स्तर की जनसुनवाई को प्रभावी बनाने पर जोर

कलेक्टर ने पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाली जनसुनवाई को विशेष प्राथमिकता के साथ प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर ही अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को जिला मुख्यालय तक आने की आवश्यकता न पड़े।

दहेज प्रताड़ना और नवविवाहिता की आत्महत्या मामले में पुलिस ने पति को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

दहेज प्रताड़ना से नवविवाहिता की आत्महत्या मामले में म्याना थाना पुलिस आरोपी पति को गिरफ्तार जेल पहुंचाया है। जानकारी के अनुसार ग्राम रीछई निवासी 24 वर्षीय नवविवाहिता प्रियंका पत्नी मनीष यादव द्वारा 10 जुलाई 26 को जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली गई थी । घटना की सूचना पर म्याना थाना पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर मामले की जांच प्रारंभ की गई । मामला नवविवाहिता की आत्महत्या से संबंधित होने के कारण इसकी जांच अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) गुना द्वारा की गई । जांच के दौरान सामने आया कि विवाह के बाद से ही मृतिका का पति मनीष यादव निवासी ग्राम रीछई के द्वारा दहेज की मांग को लेकर उसे लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था । दहेज प्रताडना से परेशान होकर मृतिका द्वारा आत्महत्या किया जाना जांच में पाया गया । जांच में प्राप्त तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर 9 अगस्त 2026 को आरोपी पति के विरूद्ध म्याना थाने में अपराध क्रमांक 200/26, धारा 80(2), 85 बीएनएस एवं दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी की तलाश प्रारंभ की गई । इसी क्रम में सोमवार को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। एसडीओपी विवेक अष्ठाना के नेतृत्व में पुलिस की इस कार्यवाही में म्याना थाना प्रभारी निरीक्षक बृजमोहन सिंह भदौरिया, सउनि श्रीनंदन सिंह रघुवंशी, आरक्षक किशन धाकड़, आरक्षक देवदत्त वर्मा, आरक्षक मुनेश जाटव एवं आरक्षक रंजीत सिंह का विशेष योगदान रहा है।

समाचार संक्षेप

हर्षोल्लास से मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस, निकाला जुलूस, आम सभा का आयोजन



गुना। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय पर सर्व आदिवासी समाज के तत्वाधान में भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शहर के प्रतिमा वाटिका से रिमझिम फुहारों के बीच एक विशाल जुलूस निकाला गया। यह जुलूस शहर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ पुनः प्रतिमा वाटिका पहुंचा। यहां एक आम सभा आयोजित की गई, जिसकी शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर हुई। इस दौरान कलाकारों ने पारंपरिक दलदल घोड़ी नृत्य प्रस्तुत कर समां बांध दिया। आम सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि आदिवासी समाज को अपने अधिकारों के लिए संगठित होना होगा। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा के अपना देश, अपना राज के नारे का उल्लेख करते हुए कहा कि स्वशासन और स्वतंत्रता का यह संदेश आज भी प्रासंगिक है। जमीनों पर अवैध कब्जे जैसी समस्याओं से निपटने के लिए समाज को जागरूक होना पड़ेगा। वक्ताओं ने कि नई पीढ़ी को अपनी भाषा, संस्कृति और परंपराओं से जोड़े रखना सबसे बड़ी ताकत है। ऐसे आयोजनों से अधिकारों के प्रति चेतना आती है। सभा में अन्य वक्ताओं ने भी महापुरुषों के योगदान और सांस्कृतिक संरक्षण पर विचार व्यक्त किए। अंत में सभी ने एकजुटता और अपनी पहचान बनाए रखने का संकल्प लिया।

महाविद्यालय के छात्रों ने निकाली तिरंगा रैली भारत माता के जयघोष से गूंजा नगर



चाचौड़ा-बीनागंज। चाचौड़ा उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय चाचौड़ा-बीनागंज में 9 अगस्त से 17 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर.पी. मीना के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा तिरंगा रैली निकाली गई। रैली में महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं हाथों में तिरंगा लेकर शामिल हुए। भारत माता के जयघोष और देशभक्ति के नारों से पूरा माहौल राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत हो गया। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने नागरिकों को अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया तथा हर घर तिरंगा अभियान का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की सह प्रभारी डॉ. मंजू शर्मा, डॉ. रीतू राजपूत, डॉ. हरीश शर्मा एवं डॉ. नवीन चौधरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। तिरंगा रैली में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

मक्सूदनगढ़ में हादसा टला, रविवार होने से बची छात्राओं की जान

लापरवाही: लगातार बारिश होने से ढहा कन्या माध्यमिक विद्यालय का कक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के मक्सूदनगढ़ स्थित एकीकृत शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय में रविवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। बीते दो दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण विद्यालय भवन का एक जर्जर कक्ष अचानक ढह गया। गनीमत यह रही कि रविवार का अवकाश होने के कारण स्कूल में छात्राएं व स्टाफ मौजूद नहीं था, वरना कोई बड़ी अप्रिय घटना घट सकती थी।

427 छात्राओं का भविष्य संकट में 5वीं का कक्ष पूरा तरह से जर्जर

घटना के बाद विद्यालय प्रबंधन द्वारा जिला परियोजना समन्वयक को लिखे गए पत्र के अनुसार, स्कूल में वर्तमान सत्र में यहाँ 427 छात्राएं अध्ययनरत हैं। विद्यालय में कोई भी अतिरिक्त सुरक्षित कक्ष उपलब्ध नहीं है, जबकि वर्तमान में 8 कक्षाएं, आंगनबाड़ी केंद्र और किचन शेड पूरी तरह से जीर्ण-शीर्ण और खतरनाक स्थिति में हैं। जर्जर भवनों के नीचे कक्षाएं संचालित करने से हर वक्त हादसे की आशंका बनी रहती है।

4-5 सालों से लगा रहे गुहार, अब तक नहीं हुई कोई सुनवाई

विद्यालय स्टाफ और स्थानीय लोगों का कहना है कि वे बीते 4 से 5 वर्षों से लगातार पत्राचार कर वरिष्ठ अधिकारियों को इस जर्जर भवन की स्थिति से अवगत करा रहे हैं। रविवार को हुए हादसे के बाद विद्यालय प्रशासन ने एक बार फिर जिला शिक्षा अधिकारी, कलेक्टर और विकासखंड शिक्षा अधिकारी राघौगढ़ सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र भेजकर तत्काल उचित कदम उठाने और छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

डीएलएड परीक्षा में ओमकार कॉलेज की छात्राओं ने मारी बाजी



हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

ओमकार महाविद्यालय के विद्यार्थियों का हाल ही माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा घोषित किए गए डी.एल.एड. द्वितीय वर्ष के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है। ओमकार महाविद्यालय में प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष भी विद्यार्थियों ने सफलता का परचम लहराया है। घोषित परिणाम के अनुसार डी.एल.एड. द्वितीय वर्ष की छात्रा मोनिका शर्मा 92.32 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, छात्रा साक्षी यादव 90.96 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान व छात्रा राशि साहू 90.64 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।इसी प्रकार अमरलता शैक्षणिक समिति द्वारा संचालित मालवा कॉलेज, बीनागंज के डी.एल.एड. द्वितीय वर्ष के छात्र कृष्णपाल वर्मा 89.76 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, छात्र नरेन्द्र वर्मा एवं विवेक साहू 89.28 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान व छात्र दामोदर सिसौदिया 89.96 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की सफलता पर चेयरमैन डॉ. प्रदीप कुमार सेन, संचालिका डॉ. मधु कृष्णानी एवं आनंद मंगल, द्वारा विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

अजाज कार्यालय एनएफएल विजयपुर में मनाया विश्व आदिवासी जनजातीय दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

अनुसूचित जाति-जनजाति कर्मचारी कल्याण संघ कार्यालय में रविवार को विश्व आदिवासी जनजातीय दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आदिवासी समाज के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति, परंपराओं, अधिकारों एवं राष्ट्र निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान को स्मरण करना तथा समाज में जागरूकता एवं एकता का संदेश देना था।



कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा भगवान बिरसा मुंडा एवं भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया।इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने विश्व आदिवासी दिवस की महत्ता पर अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि आदिवासी समाज ने देश की संस्कृति, प्रकृति, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। बिरसा मुंडा जैसे महान जननायक का जीवन संघर्ष, स्वाभिमान और सामाजिक न्याय की प्रेरणा देता है। वक्ताओं ने समाज में शिक्षा, एकता, जागरूकता एवं संवैधानिक अधिकारों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष दौलत राम भिलाला ने की। कार्यक्रम में संघ के पूर्व अध्यक्ष श्री अशोक कुमार पालिया , उपाध्यक्ष खरे, तुलसीराम कोली , प्रीतम सिंह भील एवं जयसिंह गौतम सहित संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महासचिव मुकेश कुमार अहिरवाल ने किया।

आरोन में निरोग सागर जी का ससंघ चातुर्मास कलश स्थापना समारोह

बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन



समाधि सम्राट आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज एवं परंपराचार्य श्री समय सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री निरोग सागर मुनि श्री निर्मोह सागर मुनि श्री निरामय सागर एवं मुनि श्री निर्भीक सागर महाराज का चातुर्मास एवं वर्षायोग कलश स्थापना समारोह रविवार को दोपहर में बड़ा जैन मंदिर स्थित श्री नियम सागर संत भवन में आयोजित हुआ। इस अवसर पर दोपहर में 1 बजे से वर्धमान कॉम्पलेक्स से एक चल समारोह प्रारम्भ हुआ। जिसमें महिला एवं पुरुष भक्ति करते हुए कार्यक्रम स्थल नियम सागर भवन पहुँचे। कलश स्थापना समारोह की शुरुआत दोपहर में 1:30 बजे से हुई। इस आयोजन में शामिल होने के लिए कोटा, बंडा, रहली, पटनागंज, दमोह, जामनेर, सागर, बीना, सिरोंज, गुना, अशोकनगर, शाढौरा, मुंगावली,पिपरई,राघौगढ़ आदि विभिन्न स्थानों के श्रद्धालू आरोन पहुँचे। इस कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत ट्रस्ट कमेटी द्वारा आचार्य श्री विद्या सागर जी एवं आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के चित्र का अनावरण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात जैन पाठशाला के छात्र छात्राओं द्वारा लघु नाटिका का मंचन किया गया।आचार्य श्री की पूजन की गई- कार्यक्रम के दौरान जैन पाठशाला परिवार, सभी महिला मंडल,गौशाला समिति,ट्रस्ट कमेटी,सभी युवा मंडलों के द्वारा आचार्य श्री विद्या सागर महाराज की संगीतमय पूजन की गई। श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव पूर्वक जल,चन्दन, अक्षत, आदि अर्घ्य समर्पित किए। इस अवसर पर मुनि श्री निरोग सागर जी महाराज ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष वर्षा काल में असंख्यात जीवों की उत्पत्ति होती है और किसी भी प्रकार से सूक्ष्म से सूक्ष्म उन जीवों का घात न हो अतः जीव रक्षा के साथ साथ समस्त जीवों के कल्याणार्थ जैन मुनि वर्षा काल में कहीं पर भी बिहार न करते हुए बर्षा काल के चार माहों में एक स्थान पर ही अपना चातुर्मास काल व्यतीत करते हैं।



सिंध नदी के पीलीघाट से जल लेकर पहुंचे श्रद्धालु, कुंडलपुर धाम में किया महाअभिषेक

शाढ़ौरा। नगर के शिवभक्तों ने कावड़ यात्रा निकालकर पूरे क्षेत्र को शिवमय कर दिया। कावड़ यात्रा सिंध नदी के पीली घाट से प्रारंभ हुई, जहां धार्मिक अनुष्ठान के बाद श्रद्धालुओं ने कावड़ों में पवित्र जल भरा और भगवान भोलेनाथ के जयकारों के साथ शाढ़ौरा के लिए रवाना हुए। नगर पहुंचने पर कावड़ यात्रा शोभायात्रा के रूप में निकाली गई। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं और नगरवासियों ने कावड़ियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। यात्रा में पुरुषों के साथ महिलाएं, युवतियां, बालिकाएं और युवा भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी श्रद्धालु उत्साहपूर्वक हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष करते हुए आगे बढ़ते रहे। कावड़ यात्रा के कुंडलपुर धाम पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा- अर्चना की और सिंध नदी से लाए पवित्र जल से महाअभिषेक किया। इसके बाद महाआरती का आयोजन किया गया तथा श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। कावड़ यात्रा को लेकर नगर में दिनभर धार्मिक उत्साह और भक्ति का वातावरण बना रहा। यात्रा में समाज के सभी वर्गों की सहभागिता देखने को मिली।

शिक्षा के साथ-साथ सेवा के उद्देश्य को लेकर बच्चों को शपथ दिलाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

डिस्ट्रिक्ट आएएम 1 स्वयंसिद्धा लीनेस द्वारा लीनेस लिटिल स्टार की घोषणा की गई। इस लिटिल स्टार में छोटे-छोटे बच्चों क्लब की सदस्यता ली। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वज वंदना से प्रारंभ हुई। सभी लिटिल स्टार अर्थात सभी बच्चों को शपथ डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट सीमा अग्रवाल द्वारा दिलाई गई।

इस लिटिल स्टार बनाने का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ सेवा का उद्देश्य समाज में क्रियान्वयन रहे सतत रूप से जब भी समय मिले सेवा कार्य करते रहे। इस उद्देश्य के साथ इस लिटिल स्टार का गठन किया गया। इस मौके पर उपस्थित रही डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट सीमा अग्रवाल अलका अग्रवाल दीपा रघुवंशी प्रिया खुराना लवली रघुवंशी नीतू, रितु रघुवंशी रानी नामदेव माधुरी सोनी सोनम सोनी। धर्मप्रीत वैदेही आराध्या यशिका मिताशी मृगांक सिद्धि मानवी खुराना सिद्धि जैन ऋषि अग्रवाल अनुश्री मुद्गल आराध्या गुप्ता इन सभी बच्चों ने सदस्यता ली। लिटिल स्टार क्लब के अध्यक्ष आराध्या सलूजा, सचिव यशिका सेन और कोषाध्यक्ष ऋषिका अग्रवाल नियुक्त हुई। लिटिल स्टार जूनियर क्लब की चेयरपर्सन सोनम सोनी नियुक्त हुई।



अग्रवाल महासभा ने लड्डू गोपाल को जल विहार कराया, मंदिर स्थापना की

अशोकनगर। अग्रवाल महासभा द्वारा श्रद्धा, भक्ति एवं प्रेमभाव के साथ बड़ा मंदिर, गंज में लड्डू गोपाल जी का जल विहार एवं मंदिर स्थापना कार्यक्रम भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज की सखियों एवं श्रद्धालुओं ने विधि-विधान एवं धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ लड्डू गोपाल जी का पूजन-अर्चन किया तथा उन्हें जल विहार कराया। जल विहार के दौरान पूरा वातावरण भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति से सराबोर हो गया। श्रद्धालुओं द्वारा लगाए गए "राधे-राधे" और "जय श्री कृष्ण" के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में पूरा वृंदावन ही अशोकनगर में उतर आया हो। जल विहार के पश्चात लड्डू गोपाल जी की मंदिर में विधिवत स्थापना की गई। श्रद्धालुओं ने भगवान के बाल स्वरूप के दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा परिवार, समाज एवं नगर की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर भक्ति से ओत-प्रोत वातावरण में सखियों ने लड्डू गोपाल जी के प्रति अपना प्रेम एवं श्रद्धा अर्पित की।

साकिब अहमद को उत्कृष्ट बुनाई के लिए मिला प्रथम पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अंतरराष्ट्रीय हैंडलूम दिवस के अवसर पर राजधानी भोपाल में आयोजित एक विशेष समारोह में चंदेरी की समृद्ध हस्तशिल्प विरासत को बड़ा गौरव मिला है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने चंदेरी के बुनकर साकिब अहमद (पिता महमूद अहमद) को उनकी उत्कृष्ट बुनाई कला और अद्वितीय शिल्प कौशल के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने साकिब अहमद को प्रशस्ति पत्र के साथ 1,00,000 की सम्मान राशि भेंट की। इस गरिमामयी कार्यक्रम में राज्य स्तर पर उत्कृष्ट बुनाई और शिल्पकला के लिए प्रथम, द्वितीय, तृतीय और सांत्वना पुरस्कारों का वितरण किया गया। साकिब अहमद की इस ऐतिहासिक सफलता पर चंदेरी के बुनकर समुदाय और नगरवासियों में हर्ष की लहर है। यह पुरस्कार न केवल साकिब के हुनर और कड़ी मेहनत का सम्मान है, बल्कि चंदेरी की सदियों पुरानी विश्व प्रसिद्ध बुनाई कला की साख को और मजबूत करता है।

आदिवासी छात्रावास प्रांगण में विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ ईसागढ़



9 अगस्त को प्रतिवर्ष विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस बार भी विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम का आयोजन आदिवासी छात्रावास प्रांगण में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मुख्य कार्यपालन अधिकारी ए पी प्रजापति एवं भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष घूमन सिंह आदिवासी की अध्यक्षता में भगवान बिरसा मुंडा जी एवं टंट्या मामा की छायाचित्र पर फूलमाला पहनाकर तिलक लगाकर दीप प्रज्वलित किया।

कार्यक्रम का आयोजन मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद नवांकुर संस्था श्री सिद्ध बाबा सौंघना सेवा प्रचार प्रसार समिति शंकरपुर विकासखंड ईसागढ़ सेक्टर क्रमांक 3 ढाकोनी अध्यक्ष पन्नालाल आदिवासी पंडा के मार्गदर्शन में हुआ। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष घूमन सिंह आदिवासी महुअन ने बताया कि आप स्वतंत्र होकर कार्य करें। नशे में लिप्त रहने के कारण आज आपकी जमीन बिक गई लोगों ने कब्जा कर लिए आप शराब का सेवन न करें बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाए छात्रावास अधीक्षक बीके खंडेले ने कहा कि आप सभी शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी से संपर्क करें और अपने बच्चों को अधिक से अधिक छात्रावास में प्रवेश दिलाए जहां आपके बच्चों को शिक्षा भोजन की अच्छी व्यवस्था है जिसका लाभ लें। इस दौरान बीके खंडेले छात्रावास अधीक्षक पन्नालाल आदिवासी पंडा श्याम लाल आदिवासी रिटायर बाबू वन विभाग भगवान सिंह आदिवासी शिक्षक कुंवर आदिवासी सरपंच ग्राम पंचायत कदवाया नंदा आदिवासी सरपंच ग्राम पंचायत महुअन रविंद्र आदिवासी बाबूलाल आदिवासी मंडल अध्यक्ष ग्रामीण चंदेरी गोपी लाल आदिवासी पूर्व मंडल अध्यक्ष राजगढ़ यशवंत सिंह आदिवासी सहायक मंत्री शंकरपुर भानु आदिवासी मंडल अध्यक्ष ईसागढ़ उपस्थित रहे।

अशोकनगर के अंडर ब्रिज की हालत खराब...

न शेड की व्यवस्था है न पानी निकासी के प्रबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

स्थानीय रेलवे फाटक पर बना अंडरब्रिज जहां समस्याओं से घिरा है वहीं पानी के निकासी के प्रबंध नहीं होने से समस्याओं से जूझ रहा है। अशोकनगर जिले को छोड़ दें तो शेष जितने भी स्थानों पर अंडरब्रिज बने हैं उन सभी को कवर्ड किया गया है ताकि वर्षा का पानी इन ब्रिजों में न भर सके। लेकिन अशोकनगर में ऐसा नहीं है, यहां न शेड है न पानी निकासी के प्रबंध।

रिहायशी घरों का गंदा पानी आ रहा है अंडर ब्रिज में

जिस जगह यह अंडर ब्रिज बना है वहां एक ओर रिहायसी मकान हैं जिनके घरों का गंदा पानी अंडर ब्रिज के ऊपर भर जाता है, बाद में यहीं पानी बनाए गए अंडर ब्रिज से रिस रिस कर आता रहता है, यह स्थिति पूरे वर्ष भर बनी रहती है। इस गंदे पानी को रोकने के कोई प्रंबध नहीं किए जा रहे हैं। इसी प्रकार इस अंडर ब्रिज को बनाते समय इस बात का ध्यान नहीं रखा गया कि इसे कवर्ड होना चाहिए, अंडर ब्रिज के ऊपर एक शेड लगाना चाहिए था लेकिन उसे नहीं लगाया गया, जिससे वर्षाकाल का पानी अंडर ब्रिज के अंदर भर जाता है। ऐसी स्थिति में वाहन चालकों को इसी भरे हुए पानी के बीच से गुजरना पड़ता है।





पानी की निकासी के मार्ग पर मिट्टी जमा, कोई हटाने तैयार नहीं

अंडर ब्रिज से पानी की निकासी के लिए प्रंबध भी किए गए है लेकिन वहां पानी की निकासी नही हो पा रही है, निकासी स्थल के बाहर इतनी मिटटी जमा हो गई है कि पानी का निकलना मुश्किल हो रहा है। इस मिटटी को हटाने की दशा में किसी का ध्यान इस ओर नहीं हैं यदि इस मिटटी को हटा दिया जाए तो जाली के अंदर से आसानी से पानी की निकासी हो सकती है। लेकिन कौन हटाए यह सवाल बार बार पैदा हो रहा है। स्थानीय अधिकारी रेलवे के अधिकारी सभी इस अंडरब्रिज से निकल रहे हैं जनप्रतिनिधि भी इसी रास्ते से निकल रहे हैं। उसके बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हो पा रही है जिसके कारण यह अंडर ब्रिज समस्याओं से जूझ रहा है।

अंडर ब्रिज में अंधेरा बिजली की सुविधा नहीं, कभी हो सकती है घटना

यह अंडर ब्रिज कहीं और नहीं अपितु शहर के अंदर ही बना है यहां रात में अंधेरा छा जाता है, रेल पटरियों के दोनों ओर पैदल निकलने वालों के लिए कोई अलग से पुल नहीं है, या तो लोग पटरियां पार करके निकलते हैं या फिर अंडर ब्रिज के अंदर से होकर जाते हैं। इसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं, पूरी रात यहां से आवागमन होता है लेकिन लोग अंधेरे में निकलते रहते हैं, यहां अंडरब्रिज के दोनों ओर लाईट की कोई व्यवस्था नहीं है जिससे हमेशा कोई बड़ी घटना होने की आंशका बनी रहती है। ऐसी स्थिति में यहां अंडर ब्रिज के दोनों ओर पर्याप्त मात्रा में बिजली की व्यवस्था की जाना चाहिए।

आदिवासी छात्रावास प्रांगण में विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ ईसागढ़

9 अगस्त को प्रतिवर्ष विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस बार भी विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम का आयोजन आदिवासी छात्रावास प्रांगण में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मुख्य कार्यपालन अधिकारी ए पी प्रजापति एवं भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष घूमन सिंह आदिवासी की अध्यक्षता में भगवान बिरसा मुंडा जी एवं टंट्या मामा की छायाचित्र पर फूलमाला पहनाकर तिलक लगाकर दीप प्रज्वलित किया।

कार्यक्रम का आयोजन मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद नवांकुर संस्था श्री सिद्ध बाबा सौंघना सेवा प्रचार प्रसार समिति शंकरपुर विकासखंड ईसागढ़ सेक्टर क्रमांक 3 ढाकोनी अध्यक्ष पन्नालाल आदिवासी पंडा के मार्गदर्शन में हुआ। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष घूमन सिंह आदिवासी महुअन ने बताया कि आप स्वतंत्र होकर कार्य करें। नशे में लिप्त रहने के कारण आज आपकी जमीन बिक गई लोगों ने कब्जा कर लिए आप शराब का सेवन न करें बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाए छात्रावास अधीक्षक बीके खंडेले ने कहा कि आप सभी शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी से संपर्क करें और अपने बच्चों को अधिक से अधिक छात्रावास में प्रवेश दिलाए जहां आपके बच्चों को शिक्षा भोजन की अच्छी व्यवस्था है जिसका लाभ लें। इस दौरान बीके खंडेले छात्रावास अधीक्षक पन्नालाल आदिवासी पंडा श्याम लाल आदिवासी रिटायर बाबू वन विभाग भगवान सिंह आदिवासी शिक्षक कुंवर आदिवासी सरपंच ग्राम पंचायत कदवाया नंदा आदिवासी सरपंच ग्राम पंचायत महुअन रविंद्र आदिवासी बाबूलाल आदिवासी मंडल अध्यक्ष ग्रामीण चंदेरी गोपी लाल आदिवासी पूर्व मंडल अध्यक्ष राजगढ़ यशवंत सिंह आदिवासी सहायक मंत्री शंकरपुर भानु आदिवासी मंडल अध्यक्ष ईसागढ़ उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

अशोकनगर। जिले के कचनार थाने अंतर्गत ग्राम छुईपुरा आमखेड़ा निवासी लक्ष्मण पुत्र खुमान सिंह कुशवाह उम्र 35 साल ने अपने ही घर के कमरे में अज्ञात कारणों के चलते पंखे से रस्सी का फंदा बनाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

दो बाइक आपस में भिड़ीं

अशोकनगर। जिले के सेहराई थाने अंतर्गत ग्राम चिरौली निवासी गोलू लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सेहराई पिपरई रोड़ पर अचलगढ़ के पास बाइक क्रमांक एमपी 67 जेड डी 0675 के चालक रतिभान यादव ने अपनी बाइक को तेजी व लापरवाही से चलाकर फरियादी की बाइक में पीछे से टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई है।

अवैध शराब के कई मामले किए दर्ज

अशोकनगर। जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं। बहादुरपुर पुलिस ने मोलाडेम निवासी कपूरी बाई पत्नी करण बंजारा उम्र 35 साल के पास से 15 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब बरामद की है। इसी प्रकार मुंगावली पुलिस ने बामौरीखुटिया निवासी बलदेव कटारिया के पास से 3 लीटर हाथभट्टी की कच्ची शराब बरामद की है। इसी प्रकार कोतवाली पुलिस ने सौरभ कोरी विदिशा रोड चुंगीनाका के पास से अंग्रेजी शराब के 48 नग बरामद किए हैं।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अथाईखेड़ा निवासी अभिषेक यादव उम्र 24 साल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गोलू साहू, अभिषेक यादव, जीत यादव ने उससे मारपीट की। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र अंतर्गत मुंगावली निवासी माया जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि विकास सराफ ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र अंतर्गत मुंगावली निवासी साक्षी पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि नीलम कुशवाह,आरती कुशवाह, संगीता कुशवाह, सभ्यता कुशवाह ने उससे मारपीट की। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुंगावली निवासी अनिल सराफ ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अंकित सराफ और माही सराफ ने उससे मारपीट की। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुंगावली निवासी विजय सिंह कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अजय और साक्षी कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ढुडेर निवासी घनश्याम आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गोटीलाल यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सरसैला निवासी खेमा बंजारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गिरधारी और गोलू बंजारा ने मकान का छज्जा निकालने की मना करने की बात पर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जलालपुर निवासी शिवनंदन केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि लल्लू और चंदन केवट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।


समाजसेवियों ने कई प्रजाति के पौधे रोपकर पौधरोपण किया



अशोकनगर। स्थानीय टोरिया के समीप सामुदायिक भवन के पास समाजसेवियों द्वारा कई प्रजातियों के पौधे रोपकर पौधरोपण किया गया। जिनमें पीपल, नीम, बहेरा, गुलमोहर, गुडहन आदि प्रजाति के 14 प्रकार के पौधों का रोपण किया गया। पौधरोपण के साथ साथ इन्हे संरक्षित करने का संकल्प भी लिया गया। इस मौके पर समाज सेवी ओमप्रकाश अग्रवाल, गौसेवक सोनू जैन, सरपंच राधे धाकड़, अशोक शर्मा शिक्षक एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

लोधी समाज में आक्रोश, पुलिस बल तैनात, मूर्ति को नगरपालिका में रखवाया

प्रशासन ने हटाई बिना अनुमति लगी रानी अवंती बाई की मूर्ति





हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अशोकनगर जिले के अंतर्गत ईसागढ़-चंदेरी मार्ग के मध्य स्थित ग्राम महोली चौराहे पर रविवार और सोमवार की दरमियानी रात अज्ञात लोगों द्वारा रानी अवंती बाई की मूर्ति स्थापित कर दी गई। सोमवार को जैसे ही इसकी भनक प्रशासन को लगी, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में हाइड्रा मशीन की मदद से मूर्ति को वहां से हटा दिया गया। इस कार्रवाई के बाद से ही क्षेत्र के लोधी समाज में भारी आक्रोश देखा जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, महोली चौराहे पर रविवार-सोमवार की रात को कुछ अज्ञात तत्वों द्वारा अचानक रानी अवंती बाई की प्रतिमा स्थापित कर दी गई थी। मामला चूंकि संवेदनशील था, इसलिए सोमवार को चंदेरी एसडीएम मनीष धनगर, चंदेरी एसडीओपी महेश शर्मा, चंदेरी थाना प्रभारी प्रशांत यादव सहित ईसागढ़ पुलिस बल भारी संख्या में मौके पर पहुंचा। प्रशासन ने मुस्तैदी दिखाते हुए हाइड्रा मशीन के जरिए मूर्ति को वहां से हटवाया और पिकअप वाहन में रखवाकर चंदेरी नगरपालिका में सुरक्षित रखवा दिया।

चौकी के सामने रातभर सोती रही पुलिस

इस पूरे घटनाक्रम के बाद अब प्रशासन की कार्यप्रणाली और मुस्तैदी पर प्रश्न खड़ा हो गया है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि जिस जगह पर असामाजिक तत्वों द्वारा यह मूर्ति स्थापित की गई, उसके ठीक सामने ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली महोली पुलिस चौकी स्थित है। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि जब रात के अंधेरे में इतनी भारी-भरकम मूर्ति को चौराहे पर स्थापित किया जा रहा था, तब आखिर महोली चौकी की पुलिस कहाँ थी? चौकी और घटनास्थल के बीच महज कुछ चंद कदमों की दूरी है, जहाँ 24 घंटे पुलिसकर्मियों की तैनाती का दावा किया जाता है। इतने संवेदनशील पॉइंट पर पुलिस की नाक के नीचे रातभर हलचल होती रही, क्रेन या वाहनों के जरिए मूर्ति लाई गई और उसे स्थापित भी कर दिया गया, लेकिन पुलिस को भनक तक नहीं लगी। इस ढुलमुल रवैये के बाद अब क्षेत्र में यह चर्चा भी जोरों पर है कि क्या यह सब कुछ पुलिस के संरक्षण में हुआ, या फिर यह खाकी की बड़ी लापरवाही है? आखिरकार पुलिस चौकी के ठीक सामने इतना बड़ा घटनाक्रम हो गया और पुलिस सोती रही, इसका जवाब अब तक किसी के पास नहीं है।

मौके पर हुआ विरोध प्रदर्शन, लोगों को हिरासत में लेने की चर्चा

प्रशासनिक कार्रवाई के दौरान वहां मौजूद लोगों और समाज के नागरिकों द्वारा इसका विरोध किया गया। मूर्ति हटाए जाने के बाद से लोधी समाज के लोगों में काफी नाराजगी है। वहीं, क्षेत्र में चर्चा है कि विरोध प्रदर्शन कर रहे कुछ लोगों को पुलिस द्वारा ईसागढ़ थाने में बंद किया गया है।


इनका कहना है...

किसी भी चौराहे या सार्वजनिक स्थान पर मूर्ति स्थापित करने के लिए संस्कृति विभाग और संबंधित विभागों से बाकायदा कानूनी अनुमति लेना अनिवार्य होता है। इस मामले में किसी भी प्रकार की कोई अनुमति नहीं ली गई थी। इसलिए अवैध रूप से रखी गई मूर्ति को हटाकर नगरपालिका में सुरक्षित रखवाया गया है।

मनीष धनगर, एसडीएम

ईसागढ़ की गोशाला में बदहाली गंदे पानी के बीच पशुओं का जीवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ईसागढ़



ईसागढ़ विकासखंड के ग्राम ढाकोनी स्थित गोशाला की व्यवस्थाओं को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। गोशाला परिसर में साफ-सफाई और पेयजल व्यवस्था की स्थिति खराब होने की बात सामने आई है। ग्रामीणों के अनुसार, जहां पशुओं को स्वच्छ पानी और बेहतर वातावरण मिलना चाहिए, वहीं गंदगी और अव्यवस्थाओं के बीच गोवंश को रखा जा रहा है।

सरकारी राशि के उपयोग पर भी उठे सवाल

गोशाला की स्थिति को लेकर संबंधित जिम्मेदारों और निरीक्षण दल के बीच चर्चा हुई। इसमें गोशाला की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए पांच दिन का समय दिए जाने की बात सामने आई है। इसके बाद दोबारा निरीक्षण कर स्थिति की समीक्षा किए जाने की बात कही गई। गोशाला में बड़ी संख्या में गोवंश होने के बावजूद व्यवस्थाओं की स्थिति खराब होने पर सरकारी स्तर से मिलने वाली राशि के उपयोग को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों और गोसेवकों का कहना है कि गोशाला के लिए मिलने वाली राशि का उपयोग यदि सही तरीके से किया जाए तो पशुओं के लिए पर्याप्त पानी, चारा और साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकती है।

निरीक्षण दल ने मांगी विस्तृत जानकारी

निरीक्षण दल द्वारा गोशाला में दर्ज गोवंश की संख्या, प्राप्त राशि, खर्च का विवरण, स्टॉक रजिस्टर और अन्य दस्तावेजों की जानकारी लेने की मांग भी की गई है। साथ ही पशु चिकित्सक की भूमिका और गोवंश के स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था पर भी ध्यान देने की आवश्यकता बताई गई।

गंदे पानी में खड़े रहने को मजबूर गोवंश

गोशाला परिसर में पानी की हौदियों की स्थिति भी चिंता बढ़ाने वाली बताई जा रही है। हौदियों में गंदा पानी जमा होने से पशुओं के लिए स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि लंबे समय से व्यवस्थाओं में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है। मामले की जानकारी सामने आने के बाद गोसेवकों और संबंधित लोगों ने व्यवस्थाओं को सुधारने की मांग उठाई। इसके बाद निरीक्षण दल द्वारा गोशाला का जायजा लिया गया। टीम ने मौके पर पानी, साफ-सफाई, पशुओं के रखरखाव और अन्य व्यवस्थाओं को देखा। निरीक्षण के दौरान सामने आई स्थिति को लेकर जिम्मेदारों से व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की बात कही गई। टीम ने साफ-सफाई और गोवंश के लिए बेहतर इंतजाम सुनिश्चित करने की आवश्यकता जताई।

स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित, कार्यक्रम की रूपरेखा तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ शाढ़ौरा



आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर सोमवार को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शाढ़ौरा में बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि, पार्षदों, शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के संस्था प्रभारियों सहित संबंधित अधिकारी एवं प्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक में स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर कार्यक्रम की रूपरेखा एवं व्यवस्थाओं पर चर्चा कर जिम्मेदारियां तय की गईं।

बैठक में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 7.30 बजे प्रभातफेरी निकाली जाएगी। इसके बाद सभी विद्यार्थी 8.45 बजे शासकीय उत्कृष्ट उमावि शाढ़ौरा के प्रांगण में पहुंचेंगे। सुबह 9 बजे नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके पश्चात तहसीलदार द्वारा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जाएगा। समारोह में स्काउट-गाइड द्वारा मार्च पास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं देशभक्ति से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के चयन के लिए समिति का गठन भी किया गया है।

स्वतंत्रता दिवस समारोह में नगर परिषद शाढ़ौरा क्षेत्र के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों की कक्षा 10वीं एवं 12वीं के टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए सभी विद्यालयों से टॉपर विद्यार्थियों की सूची निर्धारित समय सीमा में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में कार्यक्रम की बैठक व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, मंच संचालन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के निर्णायकों के चयन तथा विद्यालयों की सहभागिता को लेकर भी जिम्मेदारियां निर्धारित की गईं।

सेमरी शाहबाद के स्कूल का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



संस्था एजुकेशन एक्टिविस्ट एसोसिएशन द्वारा वर्ष 2026-27 के अपने द्वितीय प्रोजेक्ट के तहत शाड़ौरा तहसील में ग्राम सेमरी शाहबाद के माध्यमिक स्कूल का चयन कर वहां भ्रमण कर स्कूल की स्थितियों का जायजा लिया गया। इसके बाद उपस्थित बच्चों को एकत्रित कर स्कूल में ही सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए एवं भागीदारी किए जाने वाले सभी बच्चों को पुरस्कार बांटे गए। स्कूल की छात्र संख्या 41 थी सभी को कॉपी पेन एवं पेंसिल किट भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर संस्था की ओर से अध्यक्ष प्रियकान्त माथुर, उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल, मुख्य सचिव कमल सडाना एवं सहसचिव नितिन गोयल उपस्थित रहे। ग्राम सेमरी शाहाबाद के ऊर्जावान समाजसेवी जागरूक नागरिक शिव प्रताप रघुवंशी रिंकू ने संस्था की सदस्यता ग्रहण की एवं समस्त कार्यक्रम में अपनी सक्रिय भागीदारी अर्पित की। कार्यक्रम में ग्राम के ही लगभग 15 नागरिकों ने भी अपनी भागीदारी रखी।

स्कूल भ्रमण के दौरान स्कूल का वातावरण भव्य नजर आया: भम्रण के दौरान दी गई जानकारी में आया कि स्कूल के पास पर्याप्त भूमि है एवं ग्राम पंचायत की ओर से स्कूल को एक भव्य स्वरूप प्रदान किया गया है। छात्र-छात्राओं के लिए बेहतर शौचालय एवं पानी की व्यवस्था विशेष रूप से उल्लेखनीय है। शिव प्रताप रघुवंशी की ओर से स्कूल को छात्र-छात्राओं की बैठक हेतु फर्नीचर स्वयं की ओर से प्रदान किया गया। स्कूल में कक्षा 1 से 8 तक कुल छात्र संख्या 41 थी जिसमें 21 छात्राएं एवं 20 छात्र हैं। जबकि जुटाई गई जानकारी के आधार पर ज्ञात हुआ कि ग्राम से ही लगभग 150 बच्चे निजी स्कूलों में अध्ययन हेतु शाडौरा जाते हैं। संस्था द्वारा छात्रों के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के साथ-साथ उनका शैक्षणिक मूल्यांकन भी किया गया, जिसमें परिणाम औसत रहा, सांस्कृतिक कार्यक्रम में भागीदारी एवं प्रदर्शन संतोष जनक था। इस प्रयास को सफल बनाने हेतु शिव प्रताप सिंह ने संकल्प घोषित किया। कार्यक्रम उपरांत स्वागत एवं आभार की औपचारिकता के बाद राष्ट्रगान के साथ सभा संपन्न हुई।

जिले में पिछले 24 घंटों में कहीं अधिक तो कहीं कम बारिश हुई

मुंगावली में 78 मिलीमीटर व अशोकनगर में महज 29 मिलीमीटर बारिश दर्ज



अशोकनगर। जिले में मानसून की वर्षा सावन के महीने में अलग अलग तरह से हो रही है। एक जिला लेकिन चार स्थानों पर वर्षा के आंकड़े हैरान करने वाले हैं जो इस बात का संकेत दे रहे हैं कि इस बार मानसून की वर्षा कमजोर है, जो वर्षा हो जाए वहीं सही है। अगर इस स्थिति पर गौर किया जाए तो पिछले 24 घंटे के आंकड़े ही देखिए, एक ओर अधिक वर्षा हो रही है तो एक ओर उससे भी आधी से आधी वर्षा हो रही है। मुंगावली में 78 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है जबकि अशोकनगर में 29 मिलीमीटर, जबकि चंदेरी में 47 मिलीमीटर और ईसागढ में 40 मिलीमीटर वर्षा हुई है। अगर इन सब आंकडों को एक दिन की औसत वर्षा के रूप में देखें तो 48 मिलीमीटर वर्षा जिले में दर्ज हुई है। जिले में सबसे कम वर्षा ईसागढ और अशोकनगर में हुई है, जबकि सबसे अधिक मुंगावली में उसके बाद चंदेरी में वर्षा हुई है। अशोकनगर में अब तक 273 मिलीमीटर ईसागढ में 267 मिलीमीटर, मुंगावली में 635 मिलीमीटर और चंदेरी में 471 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। जिले में औसत वर्षा का आंकड़ा 411 मिलीमीटर है जो कुल वर्षा का 46.66 प्रतिशत है, यानि जिले में वर्षा अब तक 50 प्रतिशत भी नहीं हुई है। गतवर्ष से 674 मिलीमीटर वर्षा कम है, गत वर्ष के आंकड़ों में जिले भर की सभी तहसीले पीछे चल रही हैं।

जिला मुख्यालय से 65 किलोमीटर दूर स्थित चंदेरी वर्षाकाल के मौसम में सौन्दर्य का रूप धारण कर चुकी है, मध्यप्रदेश की दूसरी पचमढ़ी कही जाने वाली चंदेरी इन दिनों अपने प्राकृतिक वैभव को लेकर लोगों को आकृषित कर रही है। चंदेरी की साडियां, चंदेरी का प्राकृतिक वैभव, चंदेरी के ऐतिहासिक स्मारक और चंदेरी के पहाड घुमावदार रास्ते इसकी पहचान हैं, वर्षाकाल के दिनों में चंदेरी के वैभव को हथेली पर समेटने का मन करता है। पिछले 24 घण्टों में हुई वर्षा के बाद चंदेरी का सौन्दर्य निखार पर है, पहाड़ों के ऊपर से गिरता हुआ पानी सुन्दर जलप्रपात के रूप में नजर आ रहा है, चंदेरी में कटौती खो, मालन खो के झरने देखने के लायक हैं, इन झरनों को देखने के लिए इन दिनों में सैलानी यहां पहुंचते हैं और चंदेरी के वैभव पर मुग्ध हो जाते हैं, ऐसा ही सबकुछ इन दिनों चंदेरी में नजर आ रहा है।

नशा मुक्ती के लिए मजदूरों को दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



श्रावण मास के द्वितीय सोमवार को भारत वर्ष में चल रहे नशा विरोधी अभियान के तहत नशा मुक्त भारत अभियान के संदर्भ में अशोक नगर ब्रह्मकुमारी संस्थान के अन्तर्गत स्थानीय इन्दिरा पार्क पर सैकड़ों मजदूरों को जानलेवा नशा अफीम, डोढा, स्मैक, शराब, बीड़ी सिगरेट इत्यादि नशा करने वाले मजदूर भाईयों को भोले नाथ को साक्षी मानकर शपथ दिलवाई गई।

आश्रम से पधारी रानी दीदी ने सभी मजदूरों को नशा के दुष्परिणाम गिनाते हुए कहा कि आपको परिवार को बचाना है तो नशा छोड़ने का संकल्प लेकर मन में प्रतिज्ञा करो कि हम सब किसी प्रकार का नशा नहीं करेंगे। रामबाबू शर्मा ने नशा करने वालों को छुड़वाने हेतु अगले सोमवार 17 अगस्त को निःशुल्क औषधी उपलब्ध वितरित किए जाने की बात कही गई। इस अवसर पर समाज सेवी अशोक रघुवंशी, मजदूर भाई राम किशन जाटव, धर्मेंद्र लोधी, राजेन्द्र रजक, महेन्द्र कुशवाह,रामू शर्मा, भूरा यादव,सोनु पाल, दिमना आदिवासी, महेनदर आदिवासी, सुन्दर लाल सेना, फुल्ला ढीमर, नरेन्द्र केवट, रामबाबू गड़रिया, गजेन्द्र पाल सहित सभी ने भगवान को साक्षी मानकर सपथ ली गई। अन्त में भारत माता के नारों के साथ समापन किया गया।

कांवड़ यात्री भी जल लेकर पहुंचे, भक्तिभाव से मना रहे सावन सोमवार

शिवालयों में जाकर भोलेनाथ का अभिषेक किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर







सावन के महीने के दूसरे सोमवार को शहर भर के शिव मंदिरों में पूरे दिन चहल-पहल रहीं सुबह से देर रात तक मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। सुबह की अवधि में मंदिरों में अभिषेक के आयोजन हुए और भोलेनाथ की भक्ति की गई। श्रद्धालुओं ने अपने शिवजी को तरह-तरह की सामग्री से अभिषेक किया और बाद में शिवजी की आराधना की।

अशोकनगर शहर में शिवजी के मंदिर आस्था और उपासना के केन्द्र रहे। भोले नाथ के भक्तों ने भोले बाबा की भक्ति की किसी ने शिव चालीसा का पाठ किया तो किसी को भजनों के माध्यम से भोले की भक्ति करते हुए देखा गया। शहर भर के शिव मंदिरों में परिवार जन एक साथ पहुंचे और भोले नाथ की पूजा-अर्चना की। शहर के इन शिव मंदिरों में हजारेश्वर मंदिर, चैधरी मोहल्ला स्थित पंचमुखी शिवमंदिर के साथ तारवाले बालाजी,सराफा बाजार हनुमान मंदिर, ब्रम्हगौड शिव मंदिर, शिव टोरिया और त्रिदेव मंदिर के साथ सभी मंदिरों में अभिषेक के आयोजन हुए। शहर के राजराजेश्वर मंदिर पर भोलेनाथ के भक्तों ने भजन कीर्तन के साथ उनका स्मरण किया। शहर से अनेक शिव भक्त उज्जैन में महाकालेश्वर, और ओमकारेश्वर में भोलेनाथ के दर्शन करने पहुंचे। इस दौरान शहर में कावंड यात्री भी जल लेकर शिव मंदिर पर नजर आए।

पंचमुखी हनुमान मंदिर पर भी अभिषेक का आयोजन हुआ : यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्रद्धालुओं द्वारा सोमवार को सुबह से ही भगवान नर्वदेश्वर पर एवं द्वितीय स्वरूप महाकालेश्वर पर प्रातः 6 बजे से ही जलाभिषेक प्रारंभ हो गया था। 8.30 बजे पर प्रथम अभिषेक और पूजन पुजारी किशन लाल मिश्रा के द्वारा श्रद्धालुओं से करवाया गया जिसमें शिव पुराण के अनुसार उन्होंने बताया कि जो आपकी थाली में फल पत्र पुष्प दूर्वा कुशा भांग पत्र शमी पत्र धतूर फल केला फल और अन्य जो सामग्री है। उसे आप गंगाजल से धो लीजिए क्योंकि आज द्वितीय सोमवार में प्रदोष व्रत के साथ-साथ पूजन की जा रही है इस सावधानी के बाद अभिषेक प्रारंभ हुआ। जिसमें दूध दही घी शहद शक्कर एक करके गंगाजल मिलाकर पांच बार अर्पण करवाया गया। हर बार ओम नमः शिवाय का मंत्र का उच्चारण किया गया। बाद में श्रृंगी द्वारा कच्चा दूध और गंगाजल मिलकर रुद्राष्टक का पाठ हुआ। इस मौके पर भषमी और अष्टगंध से चंदन अर्पित किया गया वस्त्र उप वस्त्र एवं यज्ञोपवीत एवं दूर्वा अर्पित की गई। बाद में बेलपत्र शमी पत्र धतूर पत्र एवं फल भांग पत्र आदि पुष्प और पुष्पमाला अर्पित करने के बाद महा आरती की गई। इस तरह से बारी-बारी से पूजन की गई।

भरकेश्वर धाम से भोला मंदिर पिपरई तक निकली कांवड़ यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरई

बजरंग दल द्वारा भरकेश्वर धाम से प्राचीन भोला मंदिर पिपरई तक भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। यात्रा से पूर्व कांवड़ियों एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने भरकेश्वर धाम में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर पवित्र जल कांवड़ में भरा और भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए पिपरई की ओर प्रस्थान किया।

डीजे की धुन पर बजरंग दल के कार्यकर्ता एवं कांवड़िए नाचते-गाते हुए यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान "हर-हर महादेव" और "बोल बम" के गगनभेदी जयकारों से पूरा वातावरण शिवमय हो गया। जगह-जगह लोगों ने कांवड़ यात्रा का स्वागत किया। कांवड़िए भरकेश्वर धाम से पवित्र जल लेकर पिपरई पहुंचे और नगर के विभिन्न शिव मंदिरों में पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं युवा शामिल रहे। पूरे मार्ग में भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा।

धासड़, थाना सतवास, जिला देवास निवासी था कार में सवार परिवार

बहती कार में सवार लोगों की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीणों ने बमुश्किल दो को डूबने से बचा लिया







हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

सोमवार को सारंगपुर क्षेत्र में हुई करीब आठ घंटे की लगातार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। नदी, नाले और तालाब उफान पर आ गए। जगह-जगह जलभराव की स्थिति बन गई। इसी बीच पढ़ाना-तलेन मार्ग स्थित पढ़ाना बायपास की पुलिया पर पानी के तेज बहाव में एक कार बह जाने से हृदयविदारक हादसा हो गया। सोमवार सुबह करीब 9 से 10 बजे के बीच ग्राम धासड़, थाना सतवास, जिला देवास निवासी मुकेश चैहान अपने परिजनों के साथ कडलावत की ओर जा रहे थे। कार में सवार एक ही परिवार के नौ लोगों की डूबने से मौत हो गई, जबकि दो लोगों को ग्रामीणों ने किसी तरह सुरक्षित बाहर निकाल लिया। मृतकों में चार मासूम बच्चे भी शामिल हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सोमवार सुबह करीब 9 से 10 बजे के बीच ग्राम धासड़, थाना सतवास, जिला देवास निवासी मुकेश चौहान अपने परिजनों के साथ कडलावत की ओर जा रहे थे। बारिश के कारण पढ़ाना बायपास की पुलिया के ऊपर से तेज गति से पानी बह रहा था। इसके बावजूद मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बंद नहीं किया गया था। कार चालक ने रास्ता सामान्य समझते हुए वाहन को पुलिया पर आगे बढ़ा दिया। जैसे ही कार पानी के तेज बहाव के बीच पहुंची, उसका संतुलन बिगड़ गया और देखते ही देखते पानी का बहाव कार को अपने साथ बहाकर ले गया। कार में सवार लोगों में चीख-पुकार मच गई। हादसा होते ही आसपास मौजूद ग्रामीण मौके की ओर दौड़े। ग्रामीणों ने तत्काल बचाव अभियान शुरू किया। स्थानीय लोगों की मदद से कार में फंसे लोगों को बाहर निकालने का प्रयास किया गया। काफी मशक्कत के बाद दो लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, लेकिन कार में मौजूद अन्य लोग पानी में फंस गए।

बचाव के लिए ग्रामीणों ने संभाला मोर्चा

घटना के बाद ग्रामीणों ने बिना समय गंवाए अपने स्तर पर बचाव कार्य शुरू किया। भारी बारिश और तेज बहाव के बीच ग्रामीणों ने जोखिम उठाकर कार को बाहर निकालने का प्रयास किया। घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन और पुलिस की टीमें भी मौके पर पहुंचीं और रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। हादसे की भयावहता देखकर मौके पर मौजूद लोगों के रोंगटे खड़े हो गए। जिस परिवार में कुछ समय पहले तक ईलाज और अपनों के स्वस्थ होने की उम्मीद थी, उसी परिवार में अचानक मौत का मातम छा गया।

मृतकों में चार बच्चे सहित यह है शामिल

मृतकों में राजवीर पिता हुकम सिंह 3 वर्ष, निवासी अटूटखास पुनासाय, रानू पति हुकम सिंह 28 वर्ष, शंकर चैहान पिता नानक चैहान 50 वर्ष, पूजा पिता विशाल चैहान 27 वर्ष, ऋतु पति हुकम सिंह 28 वर्ष, सागरबाई पति शंकर सिंह 45 वर्ष, विशाल पिता शंकर सिंह 27 वर्ष, जसप्रीत पिता हुकम सिंह 5 वर्ष, तथा वंशिका 3 साल, चुटकी डेढ़ साल सहित 9 शामिल हैं। इस हादसे में चार मासूम बच्चों की मौत ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया। मासूम बच्चों के शव जब अस्पताल पहुंचे तो वहां मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। परिजनों के अनुसार बच्चों को लेकर परिवार ईलाज के सिलसिले में निकला था। किसी को भी अंदाजा नहीं था कि रास्ते में इतनी बड़ी त्रासदी उनका इंतजार कर रही है।

अस्पताल में जुटी भीड़ हर आंख हुई नम

मृतकों के शवों को सारंगपुर सिविल अस्पताल लाया गया। यहां पोस्टमार्टम ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ.भीलवारे डॉ मनीष सूर्यवंशी ,डॉ रविन्द्र चंद्रावत ने किया। अस्पताल में मृतकों के परिजनों और रिश्तेदारों की भीड़ जमा हो गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।परिवार के कई सदस्यों की मौत की खबर से सतवास क्षेत्र के धासड़, अटूटखास पुनासा सहित संबंधित गांवों में मातम पसरा हुआ है। शवों को पोस्टमार्टम के बाद शव वाहन के माध्यम से उनके गांव भेजा गया। घटना में कार चालक मुकेश पिता नानक लाल, हुकम सिंह ये दोनों जीवित बचने की जानकारी सामने आई है। पुलिस ने कार चालक को अभिरक्षा में लेकर जांच शुरू कर दी है।

मंत्री टेटवाल कलेक्टर और एसपी ने जाने हाल

हृदयविदारक घटना की जानकारी मिलते ही मध्यप्रदेश शासन के मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल, कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी सहित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी सारंगपुर सिविल अस्पताल पहुंचे। अधिकारियों ने मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली तथा राहत एवं सहायता संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मंत्री सहित अधिकारियों ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। अधिकारियों ने संबंधित अधिकारियों से हादसे की पूरी जानकारी लेते हुए बचाव एवं राहत कार्य की स्थिति की भी जानकारी ली। एक परिवार के नौ लोगों की मौत ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया है। इस घटना ने एक बार फिर बारिश के दिनों में पुलिया और रपटों पर सुरक्षा व्यवस्था के इंतजामों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना होगा कि जांच में हादसे के लिए किसकी जिम्मेदारी तय होती है और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रशासन क्या ठोस कदम उठाता है।

डैम से सामगी घाटा ज्यादा प्रभावित

बारिश से हाहाकार, 32 परिवारों का रेस्क्यू, 22 गांवों में बिजली गुल



घरों में घुसा पानी, राशन व गृहस्थी का सामान खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

सारंगपुर देर रात हुई मूसलाधार बारिश ने सारंगपुर क्षेत्र में जमकर कहर बरपाया। लगातार बारिश के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में नदी-नालों का जलस्तर बढ़ गया और कई गांव पानी से घिर गए। घरों में पानी घुसने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर सामगीघाटा गांव से 32 परिवारों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया और स्कूल भवन में ठहराया। राहत की बात यह रही कि बाढ़ जैसे हालात के बावजूद कोई जनहानि नहीं हुई। कुंडालिया डैम के कारण ग्राम सामगीघाटा में स्थिति सबसे अधिक खराब बताई जा रही है। गांव में करीब 160 परिवार निवास करते हैं, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि कुंडालिया डैम परियोजना के कारण उन्हें हर वर्ष बरसात में परेशानी का सामना करना पड़ता है।

कई गांवों में पानी घुसा, रास्ते हुए बंद

बारिश के कारण ब्लॉक के सामगीघाटा, काचरिया, भाई पाडल्या माता, जमनागंज, बिलोदा पाल, डैडी, दिगवाड़, आमगड़ा, ब्यावरामंडू, ढाकनी, लीमा चैहान और अलूनी सहित अन्य गांव शामिल हैं। कई स्थानों पर खेत जलमग्न हो गए, जबकि ग्रामीण मार्गों पर पानी भरने से आवागमन प्रभावित हुआ।

11 केवी लाइन टूटने से 22 गांव अंधेरे में

तेज बारिश और हवा के चलते 11 केवी बिजली लाइन का तार टूट गया, जिससे करीब 22 गांवों में रात से ही बिजली आपूर्ति ठप है। खबर लिखे जाने तक बिजली व्यवस्था बहाल नहीं हो सकी थी। बिजली विभाग की टीम लाइन को दुरुस्त करने में जुटी हुई है।

स्कूल-आंगनबाड़ी बंद, प्रशासन अलर्ट

बारिश और जलभराव की स्थिति को देखते हुए कलेक्टर ने क्षेत्र के स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में छुट्टी घोषित कर दी है। प्रशासन की टीमें प्रभावित गांवों में पहुंचकर स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। रेस्क्यू किए गए परिवारों को सुरक्षित स्थान पर ठहराने के साथ भोजन और आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है।

नाले के पुल पर बाइक बही, मामा की मौत, भांजा बचा



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

थोड़ी से लापरवाही और जल्दबाजी इंसान की जान ले लिया करती है। एक ऐसे ही मामले में राजगढ़ निवासी मामा-भांजे ने अपनी बाइक उफनते नाले की पुलिया पर चला दी। लोगों द्वारा समझाइश भी नहीं मानी गई। इस हादसे में बाइक पुल के नीचे गिर जाने से मामा की मौत हो गई वहीं भांजे को किसी तरह बचा लिया गया। खिलचीपुर अस्पताल में मृतक के पोस्टमार्टम उपरान्त शव परिजनों को सौंप दिया गया। जानकारी के अनुसार रिश्ते में मामा-भांजा लगने वाले राजगढ़ निवासी कमल पिता शिवलाल मालवीय 28 वर्ष और सुमित मालवीय उम्र 22 वर्ष अपनी बाइक से अरन्या गांव जा रहे थे। इस दौरान सेमलीकलां के यहां कुमरा गांव के समीप इन्होंने अपनी मोटर साइकिल तेज बहाव में बह रहे नाले के पुल पर उतार दी। आसपास के लोगों द्वारा दोनों को काफी रोका गया लेकिन वे नहीं माने। बाइक जब बीच पुल पर पहुंची तब तेज बहाव के चलते वो पुलिया के नीचे उतर गई। इस हादसे कमल की पानी में डूबने से मौत हो गई वहीं सुमित को बचा लिया गया। घटना के बाद आसपास एकत्रित लोगों ने कमल के शव को खिलचीपुर अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

टी-स्टॉल पर काम करता था युवक

मृतक कमल राजगढ़ में एक टी-स्टॉल पर कार्य करता था वहीं भांजा सुमित मूलतः पचोर निवासी था जो काम के सिलसिले में राजगढ़ ही निवासरत था। कमल की मृत्यु का समाचार राजगढ़ पहुंचते ही शोक की लहर दौड़ गई। स्थानीय मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार संपन्न करवाया गया।

मूसलाधार बारिश के चलते नगर के कई मोहल्लों में सड़कें तालाब बन गईं

खुजनेर में आफत की बारिश, घर-दुकानों में पानी घुसने से लाखों का नुकसान



हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर

रविवार देर रात से लगातार हो रही तेज बारिश से खुजनेर नगर के हालात बिगाड़ दिए। मूसलाधार बारिश के चलते नगर के कई मोहल्लों में सड़कें तालाब बन गईं और घर-दुकानों में पानी घुस गया। इससे रहवासी और दुकानदार परेशान होते नजर आये लाखों रुपए के नुकसान की आशंका जताई जा रही है वहीं आमजन का कहना है कि नगर परिषद द्वारा करोड़ों रुपए कि नाला निर्माण के साथ -साथ एक और दीवार निर्माण भी कि गई जिससे बारिश का पानी घरों और दुकानों में पहुंचते ही लोगों को सामान बचाने के लिए आनन-फानन में मशक्कत करनी पड़ी कई दुकानदारों का गल्ला, किराना व्यापारीयों और अन्य सामान पानी में भीग गया। रहवासियों का कहना है कि जलभराव के कारण लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

नाले की दीवारों पर उठे सवाल

नगर में जलभराव की स्थिति को लेकर लोगों ने नगर परिषद द्वारा एसडीआरएफ योजना के तहत शहर में 3.50 करोड़ कि योजना के तहत नालों में बनाई गई दीवार के कारण पानी कि निकासी नहीं होने से जल फैलाव कि जगह नगर में जल भराव हो गया इस व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं रहवासियों का आरोप है कि नालों की दीवारें एक और बनाई गई जिससे कुछ लोगों के मकान भी गिर गये है नाले का पानी ओवरफ्लो होकर आसपास के घरों और दुकानों में जा रहा था हर साल बारिश में यही स्थिति नहीं बनती है लेकिन इस वर्ष दीवार निर्माण से पानी कि निकासी नहीं हो पाई

सड़कों पर भरा पानी आवाजाही ठप

लगातार बारिश से शहर की मुख्य सड़कों एवं सांवलिया चैक, पुराना बस स्टैंड, शिवाजी मार्केट, माता जी मोहल्ला,बांसखेडा रोड़, राजगढ़ चैराहा, राजगढ़ रोड,यादव मोहल्ला,खटीक मोहल्ला, पुराना थाना, इस्लामपुरा सहित कई स्थानों पर डेढ़ फीट से अधिक तक पानी भर गया था जिससे शहर में बाढ़ के हालात बन गए साथ ही लोगों की आवाजाही प्रभावित हुई वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा कई जगहों पर लोग घंटों तक घरों और दुकानों से पानी निकालने में जुटे रहे बारिश थमने के बाद विधायक अमर सिंह यादव सहित जनप्रतिनिधियो ने शहर का निरीक्षण किया जल्द हुए नुकसान का सर्व कर मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

गाढ़गंगा नदी उफान पर, मंदिर में फंसे 5 को रेस्क्यू कर निकाला





हरिभूमि न्यूज ⏭ खिलचीपुर

रविवार रात्रि से हो रही भारी बारिश के चलते नगर की जीवनदायिनी गाढ़गंगा नदी सुबह-सुबह 7-8 बजे के लगभग देखते ही देखते उफान पर आ गई। नदी बढ़ने की स्पीड इतनी तीव्र थी लोगों को संभलने का मौका ही नहीं मिला। नदी समीप स्थित जल मंदिर में पूजा अर्चना कर रहे पांच भक्त 4 पुरूष 1 महिला चढ़ती नदी में मन्दिर से बाहर नहीं निकल पाए। घंटों तक गले -गले पानी में डूबे मन्दिर में मोबाइल व्हाट्सएप द्वारा मदद की गुहार लगाते रहे, लगभग दोपहर 1:00 बजे प्रशासन ने रेस्क्यू टीम भेजकर पांच लोगों को मंदिर से निकालकर जान बचाई। नगर के वार्ड 1 व 2 में स्थित निचली बस्ती के कुछ घरों में पानी भरा गया, हालांकि कोई क्षति नहीं हुई, वहीं नगर के इमली स्टेंड ,भोजपुर नाका पर भी लोगों को नुक्सान हुआ। एसडीएम, तहसीलदार, नगर परिषद टीम सहित पुलिस बल नगर में जगह - जगह मोर्चे पर तैनात रहे।

आईटीआई की बाउंड्री वॉल का किया भूमिपूजन, महिलाओं के लिए सेविंग टेक्नोलॉजी ट्रेड शुरू करने की घोषणा



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

नगर के गौशाला के सामने नवनिर्मित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था जीरापुर की बाउंड्री वॉल का भूमिपूजन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मप्र शासन के कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री गौतम टेटवाल थे। मंत्री टेटवाल ने महिलाओं को रोजगार परक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संस्था में सेविंग टेक्नोलॉजी ट्रेड प्रारंभ किए जाने की घोषणा की। इससे क्षेत्र की महिलाओं को प्रशिक्षण के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे।

वही मंत्री टेटवाल ने कहा कि आईटीआई से युवा रोजगार के क्षेत्र में आगे आएं और तकनीकी शिक्षा लेकर उद्योगों के लिए क्षेत्र का विकास करें। उन्होंने आईटीआई प्राचार्य को निर्देशित किया कि यहां के प्रत्येक कक्ष का नाम देश के प्रख्यात इंजीनियरों के नाम पर रखा जाए। क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी ने कहा कि यहां छात्रों को मिलने वाली तकनीकी शिक्षा से वे तकनीकी क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे और आत्मनिर्भर बनेंगे। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख सुश्री सुप्रिया सिंह, रामबाबू दांगी, दीपक बामनिया, आशीष राठौर सहित संस्था के समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित थे।

विधायक की मौजूदगी में निकाली तिरंगा यात्रा, माताओं-बहनों ने भी लिया हिस्सा

तिरंगे के रंग में रंगा कुरावर, भारत माता के जयकारों से गूंजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को कुरावर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। दोपहर 12 बजे बस स्टैंड से विधायक मोहन शर्मा की मौजूदगी में यात्रा का शुभारंभ हुआ। हाथों में तिरंगा लिए सैकड़ों नागरिक, भाजपा कार्यकर्ता और माताओं-बहनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

भारत माता के जयकारों और देशभक्ति के नारों से नगर का माहौल राष्ट्रभक्ति से सराबोर हो गया। यात्रा बस स्टैंड से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए तलेन तिराहा पहुंची और यहां से शासकीय हायर सेकंडरी विद्यालय परिसर पहुंचकर समाप्त हुई। मार्ग में नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। समापन अवसर पर विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि देश की आजादी वीर शहीदों के त्याग और बलिदान का परिणाम है। तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रध्वज की गरिमा बनाए रखने के साथ अपने घर और प्रतिष्ठान पर तिरंगा फहराकर राष्ट्रभक्ति का संदेश देना चाहिए। कार्यक्रम के बाद नगर के मुख्य मार्ग स्थित डिवाइडर पर पौधरोपण भी किया गया। यात्रा का संचालन अशोक मीणा एवं सुरेश गोयल ने किया, जबकि कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला मंत्री सत्येंद्र सिंह ने किया। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे।

भारी बारिश के चलते अधिकारियों को मुख्यालय न छोड़ने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज. राजगढ़। समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक का आयोजन सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले की अध्यक्षता में किया गया। समय-सीमा बैठक में लंबित शिकायतों के त्वरित एवं संतोषजनक निराकरण के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही जिले में भारी बारिश को देखते हुए सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया कि वे किसी भी सूरत में अपने-अपने मुख्यालय न छोड़ें। उन्होंने कहा कि किसी भी आकस्मिक स्थिति में संबंधित अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। जिले के सभी स्कूल एवं आंगनवाड़ी भवनों का निरीक्षण कर उनकी स्थिति की जांच की जाए। जो भवन जर्जर अथवा उपयोग के लिए असुरक्षित पाए जाएं, वहां बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आवश्यकतानुसार उन्हें सुरक्षित वैकल्पिक भवन में स्थानांतरित किया जाए। उन्होंने जलभराव वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर समय रहते आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश नगर निकायों के अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि जलभराव की स्थिति के कारण आमजन को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए आवश्यक कार्रवाई पूर्व से सुनिश्चित की जाए।

फोर्स क्लोज शिकायतों की जांच के निर्देश: बैठक में फोर्स क्लोज की गई शिकायतों की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि ऐसी शिकायतों की जांच कर यह सुनिश्चित करें कि यदि किसी शिकायत को पुनः ओपन किया जाना आवश्यक है, तो उसके संबंध में आवश्यक कार्रवाई 02 दिवस के भीतर पूर्ण की जाए।